# दुस्साहस का नतीजा गंभीर होगा

## कड़ी चेतावनी : पाकिस्तानी मंत्रियों की बयानबाजी पर भारत का सख्त जवाब

**नई दिल्ली, 14 अगस्त . विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के मंत्रियों के हालिया उकसाने वाले बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ किसी भी दुस्साहस का अंजाम बेहद गंभीर होगा.**

मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान अपनी आंतरिक नाकामियों को छुपाने के लिए बयानबाजी का सहारा ले रहा है, लेकिन यह भारत में किसी तरह का असर डालने वाली नहीं है. एमईए के प्रवक्ता ने कहा, हाल के दिनों में पाकिस्तान के कई मंत्री



गैर-जिम्मेदाराना और भड़काऊ बयान दे रहे हैं. इसका उद्देश्य केवल अपने देश की घरेलू समस्याओं से जनता का ध्यान भटकाना है. भारत इन बयानों से प्रभावित नहीं होगा. पाकिस्तान को चाहिए कि वह अपनी सीमाओं में रहे और इस तरह की बयानबाजी तुरंत बंद करे.

भारत ने यह भी साफ कर दिया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में उसके पास कोई समझौते का विकल्प नहीं है. सीमा पार से आने वाले किसी भी शत्रुतापूर्ण कदम का जवाब तत्काल और निर्णायक तरीके से दिया जाएगा.

### लापरवाह बयान क्षेत्रीय शांति के खिलाफ

भारत ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से आने वाली लापरवाह और उकसाने वाली टिप्पणियां न केवल दक्षिण एशिया की शांति और स्थिरता के लिए हानिकारक हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मानकों के भी विपरीत हैं. प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाने में सक्षम और तत्पर है. विदेश मंत्रालय ने एक बार फिर दोहराया कि यदि पाकिस्तान ने किसी भी प्रकार का उकसाने वाला कदम उठाया, तो उसे गंभीर और अप्रत्याशित परिणाम भुगतने पड़ेंगे. साथ ही, पाकिस्तान को सलाह दी गई कि वह आंतरिक स्थिरता और विकास पर ध्यान केंद्रित करे तथा अनावश्यक विवादों से बचे.

# राहुल गांधी बोले - आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर कर रही भाजपा

**नई दिल्ली, 14 अगस्त. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर आदिवासियों के जल, जंगल, ज़मीन की रक्षा के अधिकार छीनने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस ने जिन आदिवासियों की मजबूती के लिए वन अधिकार अधिनियम बनाया था उसे अब कमज़ोर किया जा रहा है.**

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा कि भाजपा दलितों और आदिवासियों के अधिकारों का दमन कर रही है. कहीं उनके वोट काटे जा रहे हैं तो



कहीं आदिवासियों के वन अधिकार पट्टों को ही 'गायब' कर उनके अधिकारों को खत्म करने की साजिश की जा रही है. उन्होंने कहा, 'कागज मिटाओ, अधिकार चुराओ' बहुजनों के दमन के लिए भाजपा ने यह नया हथियार बना लिया है.

> राहुल ने कहा बस्तर में 2,788 और राजनांदगांव में आधे से ज़्यादा - छत्तीसगढ़ में इस तरह हज़ारों वन अधिकार पट्टों का रिकॉर्ड अचानक लापता कर दिया गया है. कांग्रेस ने आदिवासियों के जल, जंगल, ज़मीन की रक्षा के लिए वन अधिकार अधिनियम बनाया. भाजपा उसे कमज़ोर कर उनका पहला हक़ छीन रही है. हम ऐसा नहीं होने देंगे - आदिवासी इस देश के पहले मालिक हैं और हम हर हाल में उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे.

## फर्जी लेटरपैड से एसबीआई से 17.52 लाख रुपए की ठगी

**रायपुर, 14 अगस्त.** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शातिर ठगों ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रामसागरपारा शाखा से 17.52 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली. फर्जी लेटरपैड और कॉल के जरिए बैंक मैनेजर को झांसा देकर यह रकम ट्रांसफर कराई गई. मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, शाखा प्रबंधक आशुतोष कुमार को पूर्व मैनेजर के नाम से फोन कर बताया गया कि जल्द ही बिल्डर के डायरेक्टर का कॉल आएगा, जिसकी मदद करनी है. कुछ दिन बाद कॉल आने पर कॉलर ने खुद को सुनील तापड़िया बताते हुए रजिस्ट्री ऑफिस में व्यस्त होने का हवाला दिया.

# 16 बीएसएफ जांबाजों को वीरता पदक

## ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य साहस दिखाने वाले होंगे पुरस्कृत

**नई दिल्ली, 14 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस पर सीमा सुरक्षा बल के 16 बहादुर जवानों को 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए वीरता पदक से सम्मानित किया गया.**

इन जांबाजों ने सीमा पर दुश्मन के भारी हमलों, ड्रोन हमलों और मोर्टार गोलाबारी के बीच अदम्य साहस और निस्वार्थ सेवा का परिचय दिया. इसके अलावा विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक पांच कर्मियों को और उत्कृष्ट सेवा पदक 46 अधिकारियों व जवानों को प्रदान किए गए. जम्मू क्षेत्र में तैनात एसआई व्यास देव और कांस्टेबल



सुद्दी राभा को अग्रिम चौकियों पर गोला-बारूद की सप्लाई की जिम्मेदारी थी. दुश्मन का 82 मिमी मोर्टार शेल पास में फटने से दोनों गंभीर रूप से घायल हुए. जानलेवा चोटों के बावजूद उन्होंने मिशन पूरा किया.

> **दुश्मन को जवाब**
>
> डिप्टी कमांडेंट रविंद्र राठौर और उनकी टीम ने गोलीबारी के बीच एक जवान की जान बचाने का सफल अभियान चलाया. एएसआई उदय वीर सिंह ने बीओपी जबोवाल पर पाकिस्तानी निगरानी कैमरा नष्ट किया और एचएमजी ठिकानों को निष्क्रिय किया, जबकि वह खुद घायल थे. बीओपी करोटाना खुर्द पर एएसआई राजप्पा बीटी और सीटी मनोहर ज़ालक्सो ने गोला-बारूद की आपूर्ति के मिशन को चोटों के बावजूद पूरा किया.

# ईश्वर सभी को सुरक्षित रखे

## जम्मू-कश्मीर हादसे पर केजरीवाल ने जताया शोक

**नई दिल्ली, 14 अगस्त. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जम्मू-कश्मीर में हुए हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, जम्मू-कश्मीर में हुआ यह हादसा बेहद दुखद है. प्रभावित सभी परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं. ईश्वर सभी को सुरक्षित और कुशल रखें.**

उन्होंने जम्मू-कश्मीर में मौजूद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की कि इस मुश्किल समय में प्रशासन के साथ मिलकर काम करें और प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करें. केजरीवाल ने कहा कि संकट की



इस घड़ी में सभी को एकजुट होकर पीड़ितों की सहायता करनी चाहिए.

**दिल्ली में बारिश से हंगामा, कालकाजी में पेड़ गिरने से मौत :** पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, मात्र चंद महीनों में बीजेपी वालों ने दिल्ली का क्या हाल कर दिया. वहीं, दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने पलटवार करते हुए लिखा, वाह रे बेशरम, 12 साल दिल्ली को लूटा और बर्बाद करके पंजाब भाग गया और अब एक पेड़ गिरने पर भाजपा को दोष दे रहे हो.

# मोदी ने विभाजन पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

## पीएम ने देश के इतिहास के सबसे दुखद अध्यायों को याद किया

**नई दिल्ली, 14 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर देश के इतिहास के सबसे दुखद अध्यायों में से एक को याद किया और अपने प्राण गंवाने वालों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी.**

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, मोदी ने विभाजन के दंश से प्रभावित लोगों के साहस और दृढ़ संकल्प को नमन किया. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाता है और उस त्रासदी के दौरान झेली गई पीड़ा को याद करता है. यह दिन हमें एक सूत्र में पिरोने वाले



सद्भाव के बंधन को मजबूत करने की जिम्मेदारी की याद दिलाता है. 1947 में आज़ादी से पहले देश के बंटवारे के दौरान लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाई थी और करोड़ों विस्थापित हुए थे.

> **कई नेताओं ने किया स्मरण**
>
> रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा मैं उन सभी भाइयों और बहनों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने विभाजन के बाद नफरत और हिंसा के भयावह परिणाम सहे. हम सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विभाजन से प्रभावित लाखों लोगों को श्रद्धांजलि दी और कांग्रेस पर देश को टुकड़ों में बांटने का आरोप लगाया.

# भारत अब न झुकता है, न रुकता है : कटारिया

**15 अगस्त 1947 का स्वर्णिम प्रभात केवल राजनीतिक मुक्ति नहीं था, यह अपनी नियति स्वयं गढ़ने की सामूहिक प्रतिज्ञा का आरंभ था। इसी भावना के साथ आज हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और उन असंख्य ज्ञात-अज्ञात वीरों को नमन करते हैं, जिनके बलिदान से भारत स्वतंत्र बना. स्वतंत्रता संग्राम में पंजाब का योगदान अनुपम है.**

यह वीरों की धरती शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, लाला लाजपत राय, शहीद उधम सिंह, करतार सिंह सराभा जैसे



क्रांतिकारियों की कर्मभूमि रही है. मैं इन अमर बलिदानियों और जलियांवाला के शहीदों सहित उन सभी सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ, जिन्होंने देश की अखंडता और सीमाओं की रक्षा में अपने प्राण अर्पित किए. साथियो, यह आज़ादी हमारे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान से मिली है, जिसे हम किसी भी कीमत पर खो नहीं सकते. संदेश स्पष्ट है— भारत अब न झुकता है, न रुकता है; आवश्यकता पड़ने पर दुश्मन के अड्डों तक जाकर निर्णायक प्रहार करता है. साथियो, मैं स्वयं को सौभाग्यशाल मानता हूं कि मुझे वीरता की गाथाओं से भरे पंजाब राज्य का राज्यपाल और यू.टी. चंडीगढ़ का प्रशासक होने का गौरव प्राप्त हुआ है. गुरुओं और पीरों की इस पावन धरती को, श्री गुरु नानक देव जी से लेकर श्री गुरु गोबिंद सिंह जी तक जैसे महान संतों, विचारकों और योद्धाओं का आशीर्वाद प्राप्त है. श्री गुरु नानक देव जी ने जब बाबर को 'जाबर' अर्थात् 'अत्याचारी' कहकर संबोधित किया.

> हालांकि, पड़ोसी दुश्मन देश नशा, हथियारों की तस्करी और आतंकवाद से हमारी शांति व अखंडता को चुनौती दे रहे हैं. भारत ने इन चुनौतियों का निर्णायक उत्तर दिया है. 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण हमले के पश्चात 7 मई को चलाया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारी सैन्य तत्परता और तकनीकी क्षमता का प्रतीक बना, जिसमें आतंकी ठिकानों को पूरी सटीकता के साथ ध्वस्त किया गया. इसके बाद 'ऑपरेशन महादेव' में सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मिलकर हमले में शामिल तीन आतंकियों का खात्मा किया.


# दुनिया आगे बढ़ी, लेकिन वो परिवार में सिमटे

▶ विजन 2047 बहस में सीएम योगी ने बताई पीडीए की परिभाषा

**लखनऊ, 14 अगस्त . यूपी विधानसभा में विजन डॉक्यूमेंट पर बीते 24 घंटे से चल रही चर्चा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जवाब दिया. उन्होंने कहा कि इस चर्चा में 187 वक्ताओं ने अपने विचार रखे हैं. मैं सभी पक्ष और विपक्ष के नेताओं को धन्यवाद देता हूं, सीएम योगी ने कहा.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 24 घंटे में साबित हुआ है कि भले ही विचारधाराएं अलग हों, लेकिन प्रदेश के विकास के लिए हम सभी एकजुट हैं. उन्होंने याद दिलाया कि पहली इनवेस्ट समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाला प्रदेश अब पूरे देश की उम्मीदों का केंद्र है. 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और यह तभी संभव होगा जब हम सब अपनी जिम्मेदारी निभाएं. सीएम योगी ने बताया कि सत्ता और विपक्ष दोनों के सदस्यों ने इसमें रुचि ली, कई ने तो रातभर जागकर चर्चा में हिस्सा लिया. देश में खुशहाली और तरक्की लाना हमारा उद्देश्य है.

> उन्होंने 1947 से 2047 तक की यात्रा का मूल्यांकन करने को सही समय बताया. सपा को 'कूप मंडूक' कहा नेता प्रतिपक्ष माता पांडेय पर तंज करते हुए योगी ने शेर पढ़ा- बड़ा हसीन है उनकी जबान का जादू, लगा के आग बहारों की बात करते हैं. जिन्होंने रात में बेखौफ बस्तियां लूटीं, वहीं नसीब के मारों की बात करते हैं. पीडीए समाज से आने वाले लोगों को मजबूत करने का काम हमारी सरकार ने किया है. सपा सिर्फ नारों तक सीमित है. उन्होंने उदाहरण दिया कि पहले त्योहारों में बाजार चीन के सामान से भर जाते थे, लेकिन अब यूपी के कारीगरों का बनाया सामान बिक रहा है.



## कमफर्जी वकील बन महिला से 5 लाख की ठगी

**भिलाई, 14 अगस्त.** छत्तीसगढ़ के भिलाई में आवासीय भूमि बंदोबस्त त्रुटि सुधार के नाम पर एक महिला से पांच लाख रुपए की ठगी करने वाली महिला को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. सुपेला थाना प्रभारी विजय यादव ने बताया कि नेहरू नगर निवासी पीड़िता तृप्ति यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पिता के नाम कातुलबोर्ड में आवासीय भूमि है, जिसमें त्रुटि सुधार कराया जाना था. इस दौरान आरोपिया प्रभा साहू ने खुद को अधिवक्ता बताकर उनका काम आसानी से करवाने का झांसा दिया और दो लाख रुपए नगद व तीन लाख 38 हजार रुपए ऑनलाइन ले लिए. पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर रायपुर के गोल्फ ग्रीन, सेजबहार से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया.

## एक नजर में

### सर्बिया में हिंसक झड़पों में 60 से ज्यादा घायल



**बेलग्रेड, 14 अगस्त.** सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड और अन्य शहरों में सत्तारूढ़ सर्बियन प्रोग्रेसिव पार्टी (एसएनएस) के दफ्तरों के बाहर हिंसक झड़पों में 60 से अधिक लोग घायल हो गए. राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने बताया कि नोवी साद में हुई झड़पों में छह पुलिसकर्मी भी जख्मी हुए. बेलग्रेड के उत्तर-पश्चिम स्थित व्रबास में एसएनएस कार्यालय के बाहर विरोधी गुट आमने-सामने आ गए, जिन्हें अलग करने के लिए दंगा-रोधी पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा. देखते ही देखते टकराव बढ़ा और हिंसा फैल गई. गौरतलब है कि 1 नवंबर 2024 को नोवी साद रेलवे स्टेशन की छत ढहने से 16 लोगों की मौत के बाद छात्र और विपक्ष लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं. राष्ट्रपति विरोधी प्रदर्शनों से उपजे तनाव ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है. पुलिस ने हालात काबू में करने के प्रयास तेज कर दिए हैं.

### अनिश्चितकाल के लिए विधानसभा स्थगित

**लखनऊ, 14 अगस्त.** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के 24 घण्टे पूरे होने पर मुख्यमंत्री के सम्बोधन के उपरांत अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई. विधानसभा में इस दौरान विधेयक पास होने के साथ ही विधायकों के मानदेय में बढ़ोत्तरी करने की घोषणा की गई. विधानसभा में जिस उत्तर प्रदेश राज्य विधानमंडल सदस्य तथा मंत्री सुख सुविधा विधि संशोधन विधेयक 2025 के पास होने की घोषणा की गई है, उससे सरकार के राजकोष पर एक अरब पांच करोड़ 21 लाख 63 हजार का अतिरिक्त भार पड़ेगा.

### सीएम नीतीश ने किया बाढ़ क्षेत्रों का हवाई सर्वे

**पटना, 14 अगस्त.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 14 अगस्त को वैशाली, पटना, बेगूसराय और मुंगेर जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने राघोपुर दियारा, काला दियारा, मोकामा, बाढ़, फतुहा सहित कई क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग को पूरी तरह मुस्तैद रहने, निचले इलाकों में पानी की सतत निगरानी करने और जिलाधिकारियों को हालात पर करीबी नजर रखने के निर्देश दिए. उन्होंने राहत व बचाव कार्य को संवेदनशीलता और तत्परता से संचालित करने, नाव, पॉलिथिन शीट, राहत सामग्री, दवा, पशुचारा और फूड पैकेट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा.



## आज का इतिहास

- 1783 जॉर्जिया को रूस का संरक्षक बनाया गया।
- 1830 चिली में दास प्रथा समाप्त कर दी गई।
- 1834 पुर्तगाल में लिबरल युद्ध समाप्त हुआ।
- 1870 अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत हुई।
- 1911 भारत के प्रसिद्ध बाँसुरी वादक पन्नालाल घोष का जन्म।
- 1937 प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता मनोज कुमार का जन्म।
- 1944 300 लड़ाकू विमानों ने जर्मनी पर बम गिराए।
- 1945 बंगलोर स्थित विप्रो कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष अज़ीम प्रेमजी का जन्म।

# युद्ध में जवाबी कार्रवाई सैन्य कौशल का प्रमाण

▶ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'सैनिकों के नाम संदेश' को किया संबोधित

**नई दिल्ली, 14 अगस्त . रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न केवल भारत की सैन्य क्षमता और आत्म निर्भरता का प्रतीक है, बल्कि विषम युद्धों के बीच एक संतुलित, सटीक व तकनीकी दृष्टि से उन्नत जवाबी कार्रवाई का उत्कृष्ट उदाहरण भी है.**

79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी से प्रसारित 'सैनिकों के नाम संदेश' में उन्होंने इसे युद्ध की नई कला और भारत के बदलते रणनीतिक दृष्टिकोण की झलक बताया. राजनाथ सिंह ने कहा कि इस ऑपरेशन ने साबित किया कि



भारत अब विदेशी तकनीक पर निर्भर नहीं है. ड्रोन युद्ध, बहुस्तरीय वायु रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और नेटवर्क-केंद्रित ऑपरेशनों का सफल उपयोग करते हुए, भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकवादियों के नौ प्रशिक्षण शिविरों को सटीक मिसाइल हमलों से ध्वस्त कर दिया. खास बात यह रही कि किसी भी नागरिक क्षेत्र या पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया.

### आतंकी पर करारा प्रहार

रक्षा मंत्री ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए जघन्य हमले के बाद यह जवाबी कार्रवाई एक स्पष्ट संदेश थी. भारत सहिष्णु जरूर है, लेकिन अपने नागरिकों की सुरक्षा और देश के सम्मान के मामले में समझौता नहीं करेगा. ऑपरेशन महादेव के माध्यम से न केवल पहलगाम हमले का बदला लिया गया, बल्कि संसद भवन, मुंबई ताज होटल और अमरनाथ यात्रियों पर हुए हमलों के दोषियों को भी निशाना बनाया गया. रक्षा मंत्री ने बताया कि पिछले दशक में रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है. अब 65 प्रतिशत उत्पादन देश में हो रहा है. वार्षिक रक्षा उत्पादन 2014-15 के 46,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपये हो गया है.

# सपा विधायक पूजा निष्कासित

## पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासन हीनता का आरोप

**लखनऊ, 14 अगस्त. समाजवादी पार्टी ने विधायक पूजा पाल को पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासन हीनता के आरोप में निष्कासित कर दिया है. अब वह पार्टी के किसी कार्यक्रम में भाग नहीं ले सकेंगी.**

विधायक पूजा पाल ने हाल ही में सीएम योगी आदित्यनाथ की कानून व्यवस्था की प्रशंसा की थी. उन्होंने कहा था कि अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से उन्हें भी न्याय मिला है. उनके पति की हत्या अतीक अहमद ने की थी और योगी सरकार की नीति के कारण उन्हें सजा मिली. सपा



नेतृत्व उनके इस बयान से असहज था, क्योंकि पार्टी प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर घेरती रही है. सपा के निष्कासन आदेश में कहा कि पूजा पाल का यह कदम गंभीर अनुशासनहीनता है, इसलिए उन्हें सभी पदों से हटाया जाता है. पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की पत्नी महराजी देवी ने मतदान नहीं किया, जिससे भाजपा को लाभ हुआ.

## मानसून ▶ बाढ़ और भूस्खलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# आफत : कई राज्यों में बारिश का रौद्र रूप

**नईदिल्ली/देहरादून/शिमला. 14 अगस्त . देश के कई राज्यों में इस समय मानसून अपने रौद्र रूप में है. दिल्ली-एनसीआर, उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब और हरियाणा में भारी बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव, यातायात बाधित और कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं.**

वहीं उत्तराखंड के बारिदनाथ क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है, जिससे यात्रा मार्ग अवरुद्ध हो गया. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार सुबह हुई झमाझम बारिश ने जहां उमस भरी गर्मी से राहत दी, वहीं जलभराव ने लोगों



की मुश्किलें बढ़ा दीं. द्वारका, लोधी रोड, आरके पुरम, सुब्रतो पार्क, लाजपत नगर और पूर्वी दिल्ली समेत कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया. अनधिकृत कॉलोनियों में घरों के अंदर पानी घुसने की खबरें भी सामने आईं. अंडरपासों में जलभराव से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोग घंटों जाम में फंसे रहे. मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए रेड अलर्ट और उत्तराखंड के कई जिलों के लिए 17 अगस्त तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.

> **धराली में तबाही की भविष्यवाणी पहले ही हो चुकी थी**
>
> हर्षिल और धराली में आई 24 घंटे की भारी बारिश से हुई तबाही का अंदाज़ा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग ने पहले ही सेटेलाइट अध्ययन से लगा लिया था. अनुमान के अनुसार, बारिश के बाद इन इलाकों में प्रति सेकेंड 50 से 60 लाख लीटर पानी बहा, जो अपने साथ भारी मलबा भी लाया.

# कुवैत में जहरीली शराब से 13 नागरिकों की हो गई मौत

**कुवैत सिटी, 14 अगस्त कुवैत में स्थानीय स्तर पर बनायी गयी शराब पीने से 13 लोगों की मौत हो गयी. स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अब तक मेथनॉल युक्त जहरीली शराब के काफी मामले सामने आये हैं.**

मंत्रालय ने बताया कि इन मामलों में लक्षणों की गंभीरता अलग-अलग थी और कई मरीजों को गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती करना पड़ा और 31 लोगों को वेंटिलेटर पर रखा गया. जहरीली शराब के सेवन से 51 मामलों में तत्काल किडनी डायलिसिस की आवश्यकता पड़ी और 21 मामलों में स्थायी अंधापन या दृष्टि क्षीणता देखी गई.

बयान में कहा गया है कि इस घटना के कारण अब तक 13 मौतें हो चुकी हैं और प्रभावित सभी व्यक्ति एशियाई मूल के हैं. मंत्रालय ने बताया कि वह सभी मामलों पर लगातार बारीकी से नज़र रख रहा है और आवश्यक चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है. जनता से जहरीली शराब के किसी किसी भी संदिग्ध मामले की तुरंत अस्पतालों या निर्धारित हेल्पलाइन पर सूचना देने का आग्रह किया गया है.